

**गुस्ताखी माफ**

भून रहा है जून अब, जल्दी आओ यार।
जल्दी डलवा दो अरे, एक-आध बौछार।
एक-आध बौछार, बड़ी भीषण है गर्मी।
मानसून ना सही, चले विक्षोभ पश्चिमी।
कह साहिल कविराय, कहीं से भी ले आओ।
तपते तन पर तुरत, जरा राहत बरसाओ।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 162 | MONDAY 22-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# साइकिल टेंडरिंग में बड़ा उलटफेर : सामान्य डीलर ने टेंडर में देश की नामी साइकिल कंपनियों को दी मात


## नामी कंपनियों को पछाड़ माटा स्पोर्ट्स ने जीता 90 करोड़ का ऑर्डर


लुधियाना/यूटर्न/21 जून। सरकारी टेंडरों की बैसाखी पर निर्भर बन चुकी भारतीय साइकिल इंडस्ट्री एक बार फिर बड़े टेंडर को लेकर चर्चा में आ गई है। इस बार मामला दिल्ली सरकार द्वारा पहली बार टेंडरिंग प्रणाली के जरिए निकाले गए 1.30 लाख एमटीबी साइकिलों के ऑर्डर से जुड़ा है।

करीब 90 करोड़ रुपये के इस टेंडर में देश की नामी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाली साइकिल कंपनियों को धोबी पछाड़ अर्थात पीछे छोड़कर दिल्ली के एक साइकिल डीलर माटा स्पोर्ट्स द्वारा L-1 के रूप में टेंडर हासिल कर लिया गया, जिसे लेकर उद्योग जगत में कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार, जैम पोर्टल के माध्यम से निकाले गए इस टेंडर में पहली बार सामान्य ब्लैक साइकिलों की बजाय एमटीबी साइकिलों की मांग करने की नई शुरूआत हुई है। टेंडर कीमत के अनुसार प्रति साइकिल करीब 7 हजार रुपये की कीमत आंकी जा रही है।

टेंडर में भाग लेने के लिए वित्तीय योग्यता के तौर पर पिछले तीन वर्षों की औसत सालाना टर्नओवर 360 करोड़ रुपये रखी गई थी। उद्योग जगत का कहना है कि इस स्तर की वित्तीय शर्त केवल देश की चुनिंदा बड़ी साइकिल कंपनियां ही पूरी कर सकती हैं।



Details of Annual Procurement by Differet State Governments


| S. No. | State | Qnty (Approx) | Annual Turnover Requirement | Each Year / Average |
|---|---|---|---|---|
| 1 | West Bengal | 1000000 | Rs. 200.00 Crores | Average for Last 3 Years with Minimum 160 in each year |
| 2 | Tamilnadu | 500000 | Rs. 100 Crores | Each Financial Year for Last 5 Years |
| 3 | Jharkhand | 400000 | Rs. 300 Crores | Each Financial Year for Last 5 Years |
| 4 | Madhya Pradesh | 450000 | Rs. 200.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 5 | Assam | 350000 | Rs. 150.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 6 | Rajasthan | 350000 | Rs. 150.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 7 | Gujarat | 200000 | Rs. 185.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 8 | Chhattisgarh | 200000 | Rs. 90.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 9 | Delhi | 130000 | Rs. 360.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 10 | Tripura | 40000 | Rs. 18.00 Crores | Each Financial Year for Last 5 Years |



GeM Government e Marketplace

बिड दस्तावेज़ / Bid Document

| | | |
|---|---|---|
| 3. | Bid Offer Validity (From End Date) | 120 (Days) |
| 4. | Ministry/State Name | Delhi |
| 5. | Department Name | Education Department Delhi |
| 6. | Organisation Name | Directorate Of Education |
| 7. | Office Name | Head Office |
| 8. | Total Quantity | 130000 |
| 9. | Item Category | Bicycle with Safety and Performance Requirements |
| 10. | OEM Average Annual Turnover | 27 करोड़ (2700 Lakh) |
| 11. | Bidder Average Annual Turnover (Last 3 Years) | 360 करोड़ (36000 Lakh) |
| 12. | Years of Past Experience Required | 3 Year (s) |
| 13. | Startup Relaxation for Years of Experience and Turnover | No |
| 14. | MSE Relaxation for Years of Experience and Turnover | No |
| 15. | Experience Criteria / Document required from seller | [illegible] |



1. BID DETAILS - GEM/2026/B/7576262

2. TECHNICAL EVALUATION

Disclaimer : These are offered prices in bid and not approved / accepted prices. These may change if Buyer resorts to negotiation or price match as per Bid Conditions.

List Of Sellers Qualified Financially

| S.No. | Seller Name | Offered Item | Total Price | Rank |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Matta Sports (MSE Social Category General) | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 904410000.00 | L1 |
| 2 | HERO ECOTECH LIMITED | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 1092000000.00 | L2 |
| 3 | AVON CYCLES LTD | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 1111500000.00 | L3 |

### माटा स्पोर्ट्स को साइकिल जुटाने में हो सकती है परेशानी

चर्चा है कि माटा स्पोर्ट्स द्वारा देश की नामी साइकिल कंपनियों को धोबी पछाड़ देते हुए टेंडर हासिल करने से बड़ी कंपनियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंच सकती है। ऐसे में ये कंपनियां माटा स्पोर्ट्स को बाजार से साइकिल सोर्स एवं इकट्ठा करने में परेशानी दे सकती हैं। इसलिए टेंडरों में अपनी साख बचाने के लिए माटा स्पोर्ट्स को कॉरपोरेट बिजनेस लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा हुआ तो कोई बड़ी बात नहीं कि माटा स्पोर्ट्स साइकिल सप्लाई ही न कर सके।

### चाइनीज साइकिल सप्लाई होने के संकेत

दिल्ली के माटा स्पोर्ट्स द्वारा 1.30 लाख साइकिलों का टेंडर हासिल करने के बाद चर्चाएं हैं कि कहीं साइकिल कंपनियों की डीलर के साथ टसल में माटा स्पोर्ट्स को बाजार से साइकिल न मिले, तो वह टेंडर में इंडियन की जगह इंपोर्टेड चाइनीज साइकिल सप्लाई न कर दे। क्योंकि कुछ साल पहले भी इन बड़ी कंपनियों द्वारा टेंडर में चाइनीज साइकिल सप्लाई करने का मामला उजागर किया जा चुका है। उद्योग जगत का मानना है कि इस टेंडर की शर्तों, पात्रता और अंतिम अलॉटमेंट प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए, ताकि सरकारी खरीद प्रणाली में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा पर किसी तरह का सवाल न उठे।

### 90 करोड़ 44लाख में हांसिल किया टेंडर

इसी बीच हैरानी तब और बढ़ गई, जब टेंडर प्रक्रिया में शामिल देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए दिल्ली के माटा स्पोर्ट्स ने यह टेंडर हासिल कर लिया। बताया जा रहा है कि 1 लाख 30 हजार एमटीबी साइकिलों के लिए निर्धारित इस टेंडर को माटा स्पोर्ट्स ने करीब 90 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये में हासिल किया है।

### टेंडर में ये रही नामी कंपनियां रही L-2 और ल-3.

दिल्ली सरकार का साईकिल टेंडर देशभर की साइकिल इंडस्ट्री में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। क्योकि एक साइकील डीलर द्वारा बड़ी बड़ी कंपनियों को गच्चा देकर डीलर का टेंडर हांसिल करना अपने आप में बड़ी चर्चा बन गया है टेंडर की ल-2 और L-3 रही कंपनियों में हीरो इकोटेक और एवन साईकिल जैसी रही ।

### टेंडर की फाइनेंशियल शर्त को लेकर चर्चा गर्म

उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि टेंडर की वितीय शर्तें भी सवालों के घेरे में हैं। 90 करोड़ रुपये के टेंडर के लिए तीन वर्षों की औसत सालाना सेल 360 करोड़ रुपये रखना अपने आप में बड़ी शर्त है। तुलना की जाए तो पश्चिम बंगाल में 10 लाख साइकिलों के टेंडर के लिए 200 करोड़ रुपये औसत टर्नओवर और झारखंड में 4 लाख साइकिलों के टेंडर के लिए पिछले तीन वर्षों की 300 करोड़ रुपये प्रति वर्ष टर्नओवर की शर्त रखी गई थी। ऐसे में 1.30 लाख साइकिलों के टेंडर में 360 करोड़ रुपये की शर्त ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 20 हजार के लेनदेन विवाद में फायरिंग, महिला के पैरों में लगीं 6 गोलियां



लुधियाना, 21 जून। ग्यासपुरा क्षेत्र की प्रीतम कॉलोनी में शनिवार देर रात महज 20 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि पैसे मांगने पर दो युवकों ने एक फाइनेंसर के परिवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। सबसे गंभीर रूप से घायल सरबजीत कौर (43) के दोनों पैरों में करीब छह गोलियां लगी हैं। वहीं उनके पति को पेट के निचले हिस्से में गोली लगी, जिनका अस्पताल में ऑपरेशन किया गया है।

पीड़ित महिला सरबजीत कौर के अनुसार, करीब सात-आठ महीने पहले उनके बेटे के जानकार सागर को 20 हजार रुपये ब्याज पर दिए गए थे। आरोप है कि सागर पैसे वापस नहीं कर रहा था। शनिवार देर रात करीब 12 बजे जब पैसों को लेकर बातचीत हुई तो सागर उनके घर पहुंच गया। बहस बढ़ने पर उसने अपने एक साथी मनी को भी मौके पर बुला लिया। परिवार का आरोप है कि मनी के पहुंचते ही दोनों युवकों ने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं। फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। गोलियां लगने से सरबजीत कौर, उनके पति, देवर और बेटा घायल हो गए। देवर के पैर में गोली लगने के साथ सिर पर भी चोट आई है, जबकि बेटे के पैर को छूते हुए गोली निकल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल बेटे ने हिम्मत दिखाते हुए खुद गाड़ी चलाकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पूरी वारदात पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है।

# ख्वाब से पहचान तकः डॉ. बलदीप की प्रेरणादायक यात्रा और बच्चों के स्वास्थ्य पर विस्तृत बातचीत



लुधियाना के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बलदीप ने अपने जीवन में एक छोटे से सपने को लेकर जो सफर शुरू किया था, वह आज पूरे पंजाब में एक बड़े और भरोसेमंद मेडिकल संस्थान के रूप में पहचाना जाता है। ह्लख्वाब से पहचान तकह्व विशेष बातचीत में उन्होंने अपने संघर्ष, सोच और आज की बदलती पीढ़ी की स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।





### आपका यह सफर कैसे शुरू हुआ?

मैं 1984 के फरवरी महीने में अमृतसर से लुधियाना आया था। उस समय मेरे मन में केवल एक ही सपना था कि मैं बच्चों के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाऊँ। उस वक्त मेरे दिमाग में कोई दूसरी दिशा नहीं थी, सिर्फ यही सोच थी कि अस्पताल कैसे बेहतर बनाया जाए। मैं दिन-रात इसी बात पर फोकस करता था कि अस्पताल का विस्तार कैसे हो, इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे अच्छा कैसे बने, डॉक्टरों की एक बेहतरीन टीम कैसे तैयार हो और मेडिकल इक्विपमेंट आधुनिक कैसे हों। इसके साथ-साथ मेरे लिए यह भी बहुत जरूरी था कि मरीजों के साथ व्यवहार बहुत ही नरम और दोस्ताना हो। मैं हमेशा चाहता था कि मरीज हमें डॉक्टर की तरह नहीं बल्कि एक दोस्त की तरह महसूस करें। आज कई मरीज मुझे 'अंकल' कहकर बुलाते हैं क्योंकि उनका मेरे साथ एक अलग ही तरह का कम्फर्ट और विश्वास का रिश्ता बन गया है। उन्हें लगता है कि वे डॉक्टर के पास नहीं बल्कि किसी अपने के पास आ रहे हैं। शुरूआत एक छोटे से कमरे से हुई थी, और धीरे-धीरे यह संस्थान बढ़ता गया। आज यह लगभग 250 गज से शुरू होकर आगे और विस्तार की ओर बढ़ रहा है। मेरा लक्ष्य हमेशा यही रहा है कि इसे और बेहतर बनाया जाए।

### बच्चों के इलाज को आप किस तरह देखते हैं?

देखिए, बच्चों के इलाज में सबसे जरूरी चीजें हैं—समर्पण, ईमानदारी और मरीज के प्रति सच्चाई। बच्चे अपने दर्द को शब्दों में ठीक से बता नहीं पाते, इसलिए उनका इलाज बहुत ध्यान से करना पड़ता है।

जैसा आपने कहा कि कई बार बच्चे बोलकर नहीं बता सकते कि उन्हें क्या परेशानी है, इसलिए डॉक्टर को अपने अनुभव और समझ से बीमारी को पहचानना पड़ता है।

हमारे यहां मरीजों के साथ एक बहुत मजबूत विश्वास का रिश्ता बन चुका है। कई परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे पास आते हैं।

माताएं कहती हैं कि वे अपने बच्चों को लेकर जिस तरह का भरोसा महसूस करती हैं, वह ही सबसे बड़ी ताकत है। यह विश्वास एक जनरेशन से दूसरी जनरेशन तक चला आ रहा है।

हमारी सफलता में हमारे मरीजों और उनकी फीडबैक का भी बहुत बड़ा योगदान है। बिना उनके सहयोग के यह मुकाम संभव नहीं था।

### आज की पीढ़ी में सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याएँ क्या हैं?

आज के समय में बच्चों में सबसे बड़ी समस्या लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बन चुके हैं। पहले की तुलना में आज हम बहुत अलग तरह की बीमारियाँ देख रहे हैं। अब बच्चों में डायबिटीज बहुत आम हो गई है। पहले हम महीने में एक केस देखते थे, लेकिन अब रोजाना ऐसे मरीज आ रहे हैं। इसी तरह ब्लड प्रेशर और मोटापा भी बच्चों में बढ़ गया है। इसके अलावा व्यवहारिक बदलाव भी बहुत ज्यादा देखने को मिल रहे हैं—बच्चे जल्दी गुस्सा हो जाते हैं, बात नहीं मानते और उनमें एग्रेसिव नेचर बढ़ गया है। स्क्रीन टाइम से जुड़ी समस्याएँ भी बहुत बढ़ गई हैं। बच्चे मोबाइल और यूट्यूब के अधिक संपर्क में हैं, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत प्रभावित हो रही है। इसके अलावा एपिलेप्सी और ऑटिज्म के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। पहले के समय में संक्रमण (इन्फेक्शन) ज्यादा होते थे, लेकिन अब उनकी जगह ये लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियाँ आ गई हैं। ये बीमारियाँ पहले की तुलना में ज्यादा कठिन हैं क्योंकि ये आदतों और जीवनशैली से जुड़ी होती हैं। आजकल बच्चों में जंक फूड बहुत बढ़ गया है। बच्चे रोजाना बाहर का खाना खाने लगे हैं। पहले ये चीजें बहुत कम थीं, लेकिन अब ये सामान्य हो गई हैं। इसलिए आज सबसे जरूरी है कि बच्चों की लाइफस्टाइल में अनुशासन लाया जाए। इसमें माता-पिता की भूमिका डॉक्टर से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है।

### क्या पारिवारिक ढांचे का असर बच्चों पर पड़ रहा है?

हाँ, यह एक बहुत बड़ा और गंभीर मुद्दा है। आजकल सिंगल पैरेंट परिवार बहुत बढ़ गए हैं। इसके अलावा माता-पिता के बीच अलगाव और ब्रेकअप रेट भी बढ़ गया है। बच्चों को मां और पिता दोनों की जरूरत होती है। अगर किसी बच्चे को केवल एक ही पैरेंट मिलता है, तो उसका मानसिक संतुलन प्रभावित होता है। आजकल बच्चे या तो सिंगल मां के साथ रहते हैं या सिंगल पिता के साथ। इससे बच्चों के व्यवहार में काफी बदलाव आ रहा है। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहां दादी-नानी का बहुत बड़ा रोल होता था। वे बच्चों की परवरिश में बहुत मदद करते थे। लेकिन अब न्यूक्लियर फैमिली हो गई है और कई बार माता-पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं, जिससे बच्चों पर ध्यान कम हो पाता है। आज की स्थिति में कई बार बच्चों को क्रेच या नौकरों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। इससे बच्चों में भावनात्मक दूरी बढ़ती है। बच्चों में होमवर्क, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। कई बच्चे ड्रग्स और गलत संगति की ओर भी जा रहे हैं। मैं मीडिया के माध्यम से यह कहना चाहूँगा कि यदि पति-पत्नी के बीच कोई भी मतभेद है, तो उसे बच्चों के सामने न लाएँ। क्योंकि इसका सबसे ज्यादा असर बच्चे के जीवन पर पड़ता है। बच्चे के भविष्य को खराब करना किसी भी हालत में सही नहीं है। बच्चे की जिम्मेदारी केवल जन्म देना नहीं है, बल्कि उसे सही परवरिश देना भी है।

### स्क्रीन टाइम और मोबाइल उपयोग पर आपकी क्या राय है?

स्क्रीन टाइम आज की सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें एक्टिव रखना। बच्चों को खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। अगर बच्चा घर पर है तो उसका पहला झुकाव टीवी या मोबाइल की ओर जाता है, इसलिए उसे बाहर भेजना जरूरी है। बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेल, साइकलिंग, डांस या किसी भी फिजिकल एक्टिविटी में लगाना चाहिए। अगर बच्चे दिन में 2ह्न3 घंटे खेलेंगे तो वे थक जाएंगे और फिर स्क्रीन की तरफ नहीं जाएंगे। आजकल यूट्यूब और इंटरनेट पर बहुत ज्यादा अनचाहा कंटेंट मौजूद है, जिस पर कोई मजबूत नियंत्रण नहीं है। इससे बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। कई बार बच्चे बहुत कम उम्र में ही ऐसी चीजें देख लेते हैं, जो उनके लिए ठीक नहीं होतीं। इसलिए सरकार को भी इस पर सख्त निगरानी करनी चाहिए।

### छोटे बच्चों में स्क्रीन और खाने की आदतों को लेकर क्या समस्या देख रहे हैं?

आजकल छोटे बच्चों में स्क्रीन टाइम बहुत ज्यादा बढ़ गया है। यहां तक कि 2 साल के बच्चे भी कार्टून देखने के आदी हो गए हैं। इससे बच्चों के व्यवहार और विकास पर असर पड़ रहा है। कई मामलों में ऑटिज्म जैसे लक्षण भी बढ़ते दिख रहे हैं। इसके अलावा खाने की आदतें भी खराब हो रही हैं। बच्चे खाना नहीं खाते, लेकिन जंक फूड जैसे बर्गर, बिस्कुट और मैगी बहुत खाते हैं। माता-पिता को लगता है कि बच्चा कम खा रहा है, लेकिन असल में वह ज्यादा कैलोरी जंक फूड से ले रहा होता है।

बच्चों को केवल डाइनिंग टेबल पर और बिना स्क्रीन के खाना सिखाना चाहिए। आज बच्चों में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि वे गलत खान-पान और स्क्रीन के सामने बैठकर खाने की आदत डाल रहे हैं।

**निष्कर्ष :** डॉ. बलदीप की यह बातचीत केवल एक डॉक्टर की कहानी नहीं, बल्कि बदलते समाज, बदलती जीवनशैली और बच्चों के भविष्य को लेकर एक गंभीर संदेश है। उनका मानना है कि सही परवरिश, अनुशासन और परिवार का संतुलन ही आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और मजबूत बना सकता है।



पेज 06 'राम' नाम से पवित्र और शक्तिशाली अन्य कोई...








चंडीगढ़ रोड सेक्टर 32ए का हिमांशु शर्मा योगा करते हुए।

# राजगुरु नगर में हवेली रेस्टोरेंट मालिक के घर बड़ी चोरी, नौकरों को पीटकर किया बेहोश; सोना, कैश, घड़ियां और DVR ले गए चोर

लुधियाना/यूटर्न/21 जून। सराभा नगर थाना क्षेत्र के राजगुरु नगर में हवेली रेस्टोरेंट के मालिक राजिंदर सिंह धवन उर्फ तारा सिंह के घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर खिड़की के रास्ते घर में दाखिल हुए और अंदर मौजूद नौकरों से मारपीट कर उन्हें बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपी घर से सोना, नकदी, महंगी घड़ियां और सीसीटीवी उड़ाकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार राजगुरु नगर स्थित मकान नंबर 234-ई निवासी राजिंदर सिंह धवन उर्फ तारा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार सहित घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान 19 जून 2026 को उनके ड्राइवर विक्की और चौकीदार ने फोन कर सूचना दी कि कुछ अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए हैं। आरोपियों ने घर में मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उन्हें बेहोशी की हालत में छोड़ दिया।




राजिंदर धवन उर्फ तारा सिंह ने आशंका जताई है कि इस वारदात के पीछे नेपाली नौकरों का हाथ हो सकता है। उनका कहना है कि घर के अंदर दाखिल होने, कर्मचारियों को काबू करने और उड़फसाथ ले जाने के तरीके से लगता है कि आरोपियों को घर की गतिविधियों और सामान की जानकारी पहले से थी। हालांकि पुलिस अभी हर पहलू से जांच कर रही है। शिकायतकर्ता जब घर पहुंचे तो उनके कर्मचारी अस्पताल में उपचाराधीन थे, जबकि ड्राइवर घर के बाहर मौजूद था। घर के अंदर जांच करने पर पता चला कि चोर अलमारी व अन्य जगहों से सोना, कैश, घड़ियां और उड़फलेकर फरार हो चुके थे। उड़फचोरी किए जाने से आशंका है कि आरोपी वारदात के सबूत मिटाने की नीयत से उसे भी साथ ले गए। थाना सराभा नगर पुलिस ने एफआईआर नंबर 174, दिनांक 20 जून 2026 के तहत बीएनएस की धारा 305 और 3(5) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई ऊषा कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# लुधियाना में भी खुले जीएसटी अपीलीय अधिकरण (GSTAT) का हेल्पडेस्क: एडवोकेट करन चावला

लुधियाना/यूटर्न/21 जून। देश के प्रमुख व्यावसायिक शहरों में टैक्सपेयर्स और वकीलों की सुविधा के लिए जीएसटी अपीलीय अधिकरण (GSTAT) द्वारा हेल्पडेस्क स्थापित करने की मुहिम शुरू हो गई है। हाल ही में GSTAT की दिल्ली स्टेट बेंच और गुजरात की सूरत बेंच में हेल्पडेस्क की शुरूआत की गई है। दिल्ली बेंच द्वारा जारी नोटिस के अनुसार होटल सम्राट, चाणक्यपुरी में कमरा नंबर 350 में हेल्पडेस्क काम कर रहा है, जबकि सूरत बेंच ने भी वेसु स्थित अपने कार्यालय में व्यापारियों और वकीलों की मदद के लिए हेल्पडेस्क शुरू कर दिया है। इन दोनों जगहों पर कामकाजी दिनों में दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपील दाखिल करने और कानूनी प्रक्रियाओं को समझने के लिए मदद दी जा रही है।

इस बेहतरीन पहल का स्वागत करते हुए लुधियाना के प्रसिद्ध वकील और टैक्स विशेषज्ञ, एडवोकेट करन चावला ने मांग की है कि पंजाब के सबसे बड़े औद्योगिक हब लुधियाना में भी ऐसा ही हेल्पडेस्क तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।



## टैक्सपेयर्स को होगी बड़ी राहत

एडवोकेट चावला ने कहा कि लुधियाना पंजाब का औद्योगिक दिल है, जहाँ हजारों की संख्या में छोटे-बड़े व्यापारी और करदाता (Taxpayers) काम करते हैं। जीएसटी से जुड़े अपीलीय मामलों और कागजी प्रक्रियाओं को लेकर व्यापारियों और स्थानीय वकीलों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर दिल्ली और सूरत की तर्ज पर लुधियाना में भी हेल्पडेस्क खुल जाता है, तो लोगों को अपील और आवेदन दाखिल करने में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही मिल सकेगा।




लुधियाना में इस सुविधा के शुरू होने से न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि व्यापार करने में आसानी (Ease of Doing Business) को भी बढ़ावा मिलेगा। अब देखना यह है कि विभाग इस दिशा में कब तक कदम उठाता है।

# योग जीवन जीने की कला, मानसिक तनाव की दवा : गुरमीत सिंह कुलार

लुधियाना/यूटर्न/21 जून। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशन (फिको) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फिको कार्यालय, सी-223, फेज-8, फोकल पॉइंट में योग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम फिको प्रधान गुरमीत सिंह कुलार, महासचिव मनजिंदर सिंह सचदेवा और इशनूर सिंह सचदेवा के नेतृत्व में हुआ। योग प्रशिक्षक जसप्रीत सिंह ने सुबह 6 से 8 बजे तक 40 से अधिक प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान विभिन्न आसनों और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में फिको सदस्यों के साथ आम नागरिकों ने भी भाग लिया।



# पंजाब में चुनाव से पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पंजाब दौरा, नेता ज्यादा वर्कर दिखे कम, लुधियानवियों और योग दिवस ने बचाई लाज

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/21 जून। राज्य में चुनावो से पहले भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने 3 दिवसीय दौरे पर है यह उनका पंजाब में चुनाव से पहले बडा अहम दौरा माना जा रहा है इस दौरे के दौरान विभिन्न शहरों के नेताओं की माने तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के काफिले में नेताओं की संख्या ज्यादा दिखाई दी जबकि वरकरो की कम फिर भी लोगों में इस दौरे को लेकर काफी उत्साह देखा गया भाजपा अध्यक्ष ने तीन दिवसीय दौरे की शुरूआत सचखंड श्री दरबार साहिब में माथा टेक कर की। श्री दरबार साहिब में नतमस्तक होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, बीजेपी पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह की राह पर चलते हुए पंजाब को एक विशिष्ट सुशासन की पहचान देना चाहती है और उनके सपनों का पंजाब बनाना चाहती है नितिन नबीन ने कहा कि मुझे श्री दरबार साहिब में माथा टेकने और पंजाब के लोगों की सुख-शांति तथा प्रगति के लिए प्रार्थना करने का सौभाग्य मिला है। ''मैं गुरु गोविंद सिंह जी के जन्म स्थान पटना साहिब से आया हूं मैं सबके भले की अरदास की है।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 3 दिवसीय पंजाब दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने जालंधर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में सैकड़ों लोगों के साथ योग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन नबीन ने कहा-BJP पंजाब को खोखला नहीं होने देगी। यहां जो चिट्टे का जहर है, उसे हर हाल में खत्म कर देंगे। ड्रग्स का नाम और निशान पंजाब से मिटा दिया जाएगा। इसकी चिंता हर एक पंजाबी को करनी चाहिए। नितिन नबीन ने कहा कि अब देश का भविष्य युवा साथियों के हाथ में है, लेकिन देश का भविष्य बनाते हुए युवा साथी एक चीज का ध्यान जरूर रखें कि देश के तिरंगे और देश की मिट्टी के साथ कभी भी कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए।इसके बाद वह श्री राम तीर्थ स्थल गए और उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी के आगे माथा टेका और भारत की महान आध्यात्मिक परंपरा में उनके योगदान को याद किया। अमृतसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पंजाब भाजपा की कोर कमेटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की कार्यकताओं ने लुधियाना में उनका स्वागत जालंधर बाईपास चौक पर किया और उसके बाद वो अपने काफिले के साथ होटल पहुंचे। भाजपा कार्यालय पहुंचकर नई इमारत का विधिवत उद्घाटन किया। उसके तुरंत बाद वो भाजपा दफ्तर के सामने नेताओं व कार्यकताओं के साथ होने वाले संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लोगों ने कहा भाजपा को ग्राउंड स्तर पर काम करने की जरूरत है।



## लोगों ने कहा ग्राउंड स्तर पर काम करने की जरूरत









## उद्योगपतियों के साथ विशेष 'बिजनेस मीट'

कार्यकताओं के साथ बैठक खत्म करने के बाद नितिन नबीन का रुख पंजाब के सबसे बड़े औद्योगिक हब (लुधियाना) के कारोबारियों की तरफ हुआ। वे स्थानीय होटल 'रिजेंटा क्लासिक' में पंजाब भर के बड़े उद्यमियों और उद्योगपतियों के साथ एक विशेष बैठक की। उद्योगपतियों ने पंजाब के उद्योग जगत को आ रही मौजूदा दिक्कतों और मंदी के कारणों को विस्तार से बातचीत की। पंजाब की इंडस्ट्री को प्रमोट करने के लिए कारोबारी भारत सरकार से किस तरह के विशेष पैकेज, टैक्स छूट या सुविधाएं चाहते हैं, इस पर चर्चा की गई।

## पंजाब दौरे के बाद बनेगा घोषणा पत्र

बताया जाता है कि पंजाब के दौरे के बाद भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा के घोषणापत्र के लिए उद्यमियों से विशेष सुझाव और आर्थिक नीतियां तय करने पर विचार विमर्श किया किया गया।

## भाजपा कार्यकारिणी और कोर कमेटी बैठक

दोपहर में नितिन नबीन पंजाब भाजपा कार्यकारिणी की विशेष बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके तुरंत बाद भाजपा की कोर कमेटी की हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 की अंतिम व्यूह रचना और रणनीति पर मुहर लगाई जाएगी। इस बैठक में नितिन नबीन ने पंजाब भाजपा के संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। इस महा-संवाद में निचले स्तर (मंडल के पदाधिकारियों) से लेकर जिला और प्रदेश स्तर के सभी आला नेता व कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। नितिन नबीन ने कार्यकताओं को गुटबाजी से दूर रहकर केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और 2027 के चुनाव के लिए अभी से मैदान में डटने का गुरुमंत्र दिया।



## प्रतिष्ठित लोगों से मिलकर देखेंगे पंजाब की नब्ज

इस पूरे दौरे को लेकर भाजपा के लुधियाना के जिला अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय प्रभारी नितिन नबीन का यह दौरा पंजाब भाजपा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। वे लुधियाना में रहकर पंजाब भर के अलग-अलग सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक वर्ग के प्रतिष्ठित लोगों से वन-टू-वन बात करेंगे। हमारा मुख्य उद्देश्य पंजाब की नब्ज को पहचानना और मोदी-शाह के नेतृत्व में 2027 में यहां पूर्ण बहुमत की राह प्रशस्त करना है अपने दौरे के दौरान अमृतसर जालंधर और लुधियाना में उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ वर्कों की नब्ज टटोलने की भी पूरी कोशिश की इस अवसर पर उनके साथ पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ, पार्टी के पंजाब मामलों के सह-प्रभारी नरेंद्र रैना, संसदीय बोर्ड के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा, पूर्व अध्यक्ष श्वेत मलिक, राज्यसभा सांसद विक्रम साहनी, जिला अध्यक्ष हरविंदर संधू और कई अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता उपस्थित थे।

## पंजाब को कर्ज में डुबोने और लूटने वालों से पाई-पाई का हिसाब लेंगे- नितिन नबीन

गुरुओं का अपमान करने वाले मुख्यमंत्री को सजा देने का समय आ गया है, मौजूदा सरकार ने कर्ज ले-लेकर पंजाब को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया है, उनसे पाई-पाई का हिसाब लिया जाएगा, ये शब्द भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के हैं। वह लुधियाना में पार्टी के सब-सर्किल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह द्वारा मोगा में विशाल रैली की गई थी, जबकि नितिन नबीन ने सब-सर्किल स्तर के 8000 से अधिक कैडर के साथ बैठक करके संकेत दिए कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने के लिए तैयार है। नितिन नबीन ने कहा, ह्यह्यपंजाब के लोगों के लिए गुरुओं के सम्मान से बढ़कर और कोई चीज नहीं है। जिस सरकार का मुख्यमंत्री ही गुरुओं का अपमान करे, इसे कैसे सहन किया जा सकता है। ऐसी सरकार को सजा देने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को 4 लाख करोड़ रुपये का कर्जदार बना दिया गया, पिछले वर्षों के दौरान जो करोड़ों रुपये केंद्र से आए, उसे भी धोखाधड़ी करने वालों ने ठग लिया। पंजाब को एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया गया, पंजाब सरकार ने दिया बहुत कम लेकिन लोगों की जिंदगी ही खतरे में डाल दी। लोगों की जान की कोई कीमत ही नहीं रही। 2027 के चुनावों के बाद इस सरकार से पंजाब की लूट की पाई-पाई वसूली जाएगी। इस सम्मेलन को भारतीय जनता पार्टी पंजाब के संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवाससुलु, पंजाब मामलों के सह-प्रभारी नरेंद्र सिंह रैना, केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू, पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, अश्वनी शर्मा और विजय सांपला ने भी संबोधित किया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India


पेज 12 पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें ...

# जवान हो रही पंजाब पुलिसः 29 साल से कम उम्र के 8,231 पुलिसकर्मी

## डीजीपी गौरव यादव बोले युवा शक्ति से और मजबूत होगी फ्रंटलाइन पुलिसिंग

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। सीमावर्ती राज्य पंजाब में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने के लिए पंजाब पुलिस तेजी से युवा होती जा रही है। पुलिस बल की फ्रंटलाइन फोर्स में 29 वर्ष से कम आयु के 8,231 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं, जिन्हें पंजाब पुलिस की नई ताकत माना जा रहा है। इस बदलाव को लेकर पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि युवा पुलिसकर्मियों की बढ़ती संख्या पुलिस बल की प्रतिक्रिया क्षमता, तकनीकी दक्षता और अपराध से लड़ने की क्षमता को नई मजबूती प्रदान कर रही है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस की सफलता केवल वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभव पर आधारित नहीं है, बल्कि उन युवा अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, साहस और पेशेवर दक्षता पर भी टिकी है जो आने वाले वर्षों में पुलिस बल की रीढ़ साबित होंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस में आज युवा ऊर्जा और अनुभवी नेतृत्व का ऐसा संतुलन मौजूद है, जो किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

### फ्रंटलाइन फोर्स में बढ़ी युवा ताकत

पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 29 वर्ष से कम आयु वर्ग के कुल 8,231 कर्मचारी विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। इनमें 4,253 कर्मचारी 27 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में हैं, जबकि 3,978 कर्मचारी 27 वर्ष से कम आयु के हैं। पदवार आंकड़ों पर नजर डालें तो 29 वर्ष से कम आयु के कर्मचारियों में: 6,666 कॉन्स्टेबल,973 वरिष्ठ कॉन्स्टेबल,347 सब इंस्पेक्टर, 186 हेड कॉन्स्टेबल शामिल हैं। विशेष रूप से कॉन्स्टेबल रैंक में युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक है। 6,666 युवा कॉन्स्टेबलों में से 3,855 की आयु 20 से 26 वर्ष के बीच है। वहीं 1,198 कॉन्स्टेबल 29 वर्ष, 1,125 कॉन्स्टेबल 28 वर्ष और 488 कॉन्स्टेबल 27 वर्ष की आयु के हैं।

### सीमा सुरक्षा से लेकर अपराध नियंत्रण तक बड़ी भूमिका

पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान से लगती है और राज्य को ड्रोन गतिविधियों, नशा तस्करी, गैंगस्टर नेटवर्क, साइबर अपराध और संगठित अपराध जैसी बहुआयामी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में युवा पुलिसकर्मियों की बड़ी संख्या को पंजाब पुलिस की परिचालन क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, अधिकांश युवा कर्मी थानों और फील्ड यूनिटों में तैनात हैं तथा सीधे जनता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इससे पुलिस बल अधिक गतिशील और प्रभावी हुआ है तथा घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता बढ़ी है।

### 'हर चुनौती से निपटने को तैयार पंजाब पुलिस'

डीजीपी ने दावा किया कि पंजाब पुलिस किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में हुए भर्ती अभियानों ने पुलिस बल को नई ऊर्जा दी है और बड़ी संख्या में युवा कर्मियों के शामिल होने से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी न केवल आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देती है, बल्कि नई तकनीकों को अपनाने और बदलते अपराध स्वरूपों से निपटने में भी मददगार साबित हो रही है।

### भर्ती अभियान अभी जारी, 3,298 कॉन्स्टेबल पदों पर होगी भर्ती

पंजाब पुलिस ने पुलिस बल को और मजबूत बनाने के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी रखी हुई है। डीजीपी ने बताया कि 3,298 कॉन्स्टेबल पदों के लिए बड़ा भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) 1 जुलाई से शुरू होगी। अधिकारियों का मानना है कि नई भर्तियों के बाद पंजाब पुलिस में युवाओं की भागीदारी और बढ़ेगी, जिससे फ्रंटलाइन पुलिसिंग को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों के साथ बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित करने में भी सहायता मिलेगी।

### युवा ऊर्जा और अनुभव का संगम

पंजाब पुलिस नेतृत्व का मानना है कि वर्तमान समय में पुलिस बल के पास अनुभवी अधिकारियों का मार्गदर्शन और युवाओं की ऊर्जा दोनों मौजूद हैं। यही संयोजन राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और आधुनिक चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभा रहा है। यही कारण है कि पंजाब पुलिस अब अपनी युवा फोर्स को भविष्य की सबसे बड़ी ताकत के रूप में देख रही है, जो आने वाले वर्षों में राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकती है।

# 87 साल की उम्र में भी स्वच्छता के प्रहरी बने इंदरजीत सिंह सिद्धू, पद्मश्री से होंगे सम्मानित





चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। उम्र 87 वर्ष, पैर में चोट और हाथ में छड़ी, लेकिन शहर को स्वच्छ रखने का जज्बा आज भी अटूट। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी इंदरजीत सिंह सिद्धू ने स्वच्छता को अपने जीवन का मिशन बना लिया है। हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बावजूद वे रोजाना सार्वजनिक स्थानों से कचरा उठाकर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। उनकी इसी समाजसेवा और समर्पण को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान के लिए चुना है। 23 जून को राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान करेंगी। यह उपलब्धि न केवल सिद्धू बल्कि पूरे चंडीगढ़ के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।

पूर्व डीआईजी इंदरजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि कुछ समय पहले एक वाहन की टक्कर से उन्हें चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने इसे अपने सामाजिक अभियान के आड़े नहीं आने दिया। वे आज भी नियमित रूप से सुबह सैर के दौरान पार्कों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से कूड़ा एकत्र कर उसे डस्टबिन तक पहुंचाते हैं। सिद्धू का जन्म 6 जून 1938 को पंजाब के संगरूर जिले के गागरपुर गांव में हुआ था। शिक्षा के साथ-साथ वे खेलों में भी उत्कृष्ट रहे। कॉलेज जीवन में मुक्केबाजी में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया और दो बार विश्वविद्यालय स्तर पर रोल ऑफ ऑनर में स्थान मिला।

उन्होंने वर्ष 1963 में पंजाब पुलिस में निरीक्षक के रूप में सेवा शुरू की और 1981 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में पदोन्नत हुए। अपने तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान उन्होंने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और कोलकाता में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भी उन्होंने सांबा सेक्टर में सेवाएं दीं। उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए उन्हें 1991 में पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1996 में वे पंजाब पुलिस में डीआईजी पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके अलावा चंडीगढ़ प्रशासन भी उन्हें स्वतंत्रता दिवस राज्य पुरस्कार से सम्मानित कर चुका है। सेवानिवृत्ति के बाद जहां अधिकांश लोग आरामदायक जीवन चुनते हैं, वहीं इंदरजीत सिंह सिद्धू ने समाजसेवा का रास्ता अपनाया। उनकी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता यह संदेश देती है कि बदलाव के लिए पद या उम्र नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण जरूरी है।

# रिश्ता खत्म होने की नाराजगी बनी हत्या की वजह, आरोपी ने ऑनलाइन खरीदे थे तीन चाकू

मोहाली/यूटर्न/21 जून। सेक्टर-66 स्थित एक निजी लॉजिस्टिक्स कंपनी में महिला कर्मचारी डिंपल खत्री की हत्या के मामले में पुलिस जांच के दौरान कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी हरजिंदर सिंह मान ने स्वीकार किया कि उसने वारदात से पहले ऑनलाइन माध्यम से तीन चाकू मंगवाए थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी को आशंका थी कि डिंपल उससे दूरी बनाने के बाद मोहाली छोड़ सकती है।





इसी बात को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस के अनुसार, दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे, लेकिन पिछले करीब छह महीनों से उनके बीच बातचीत बंद थी।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, 4 जून की शाम हरजिंदर सिंह कंपनी के कार्यालय पहुंचा था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह डिंपल से बातचीत कर रिश्ते को फिर से सामान्य बनाने की कोशिश करना चाहता था। हालांकि, बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और उसने चाकू से हमला कर दिया। घटना में डिंपल खत्री की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

अदालत से मिले पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की गई। रिमांड समाप्त होने के बाद उसे दोबारा अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस अब ऑनलाइन खरीदे गए चाकुओं की खरीद प्रक्रिया, डिलीवरी रिकॉर्ड और वारदात में इस्तेमाल हथियारों से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। साथ ही घटना से पहले और बाद में आरोपी की गतिविधियों का भी तकनीकी और साक्ष्य आधारित विश्लेषण किया जा रहा है। मृतका डिंपल खत्री पटियाला की रहने वाली थी और मोहाली स्थित एसआरपी यूएस लॉजिस्टिक्स कंपनी में कार्यरत थी। वहीं आरोपी हरजिंदर सिंह मान भी पटियाला का निवासी है।

## हरियाणा में सरकारी अस्पतालों का होगा कायाकल्प, सीएम ने दिए निर्देश

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों को निजी अस्पतालों से भी अधिक सुविधा संपन्न बनाया जाएगा।



रविवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में स्वास्थ्य सुविधाओं, सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण और मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में 12 जिलों अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, कैथल, महेंद्रगढ़, पलवल, पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत और नूंह के जिला अस्पतालों में चल रहे नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे सहित करीब 140 प्रकार के टेस्ट की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने लैब को हाईटेक करने और अस्पतालों में पेयजल, शौचालय, पंखे, एसी, सफाई व पेंट जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी न रहने देने के निर्देश दिए।

## 'राम' नाम से पवित्र और शक्तिशाली अन्य कोई वस्तु नहीं है - संत रमणीक बेदी

लुधियाना/यूटर्न/21 जून। अमृतवाणी सत्संग, श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में रविवार साप्ताहिक सत्संग में संत रमणीक बेदी ने कहा की परम पूज्य स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने 'नाम की महिमा' और 'राम नाम' के जाप को साधना का सर्वोच्च शिखर बताया है। नाम दीक्षा केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक दिव्य माध्यम है। नाम और नामी (भगवान) में कोई भेद नहीं है। जब आप पूर्ण विश्वास के साथ 'राम' नाम का उच्चारण करते हैं, तो स्वयं प्रभु वहाँ उपस्थित होते हैं। नाम, भगवान का साक्षात्शब्द-स्वरूप है। इस संसार में 'राम' नाम से पवित्र और शक्तिशाली अन्य कोई वस्तु नहीं है। यह नाम जन्म-जन्मांतर के पापों, मर्मो और मानसिक विकारों को भस्म करने की क्षमता रखता है। जहाँ अन्य योग या तपस्याएँ कठिन हैं और उनके लिए कड़े नियमों की आवश्यकता होती है, वहीं















परम पूज्य स्वामी जी महाराज ने 'नाम जाप' को सबसे सरल और सुलभ मार्ग बताया। सभा में श्रीमती सुदर्शन जैन, सुमन जैन, रूपाली जैन, राज गुप्ता, मधु बजाज, शशि भल्ला, श्री रामेश्वर गुप्ता, राजन कपूर, शशि गुप्ता, वरिंदर जैन, गुलाब राय , शुचिता दुग्गल , सोनिया तिवारी व अन्य सम्मिलित रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### विवाह में विषैले रिश्ते निभाने से बेहतर अलग रहना है

विवाह एक पवित्र और विश्वास पर आधारित संबंध होता है। इसका उद्देश्य पति-पत्नी को प्रेम, सम्मान और सहयोग के साथ जीवन बिताने का अवसर देना है। लेकिन जब इस रिश्ते में लगातार अपमान, झगड़े, मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न, अविश्वास और तनाव का माहौल बन जाए, तो वह रिश्ता विषैला (टॉक्सिक) बन जाता है। अक्सर समाज और परिवार के दबाव के कारण लोग ऐसे रिश्तों को निभाने की कोशिश करते रहते हैं। वे अपनी खुशियों, आत्मसम्मान और मानसिक शांति की कीमत पर समझौता करते हैं। लेकिन केवल रिश्ते को बचाने के लिए दुख और पीड़ा सहते रहना किसी के लिए भी उचित नहीं है। यदि आपसी सम्मान, विश्वास और संवाद समाप्त हो चुके हों तथा सुधार के सभी प्रयास असफल हो गए हों, तो अलग रहना एक साहसिक और समझदारी भरा निर्णय हो सकता है। अलग रहने का अर्थ रिश्तों का अपमान करना नहीं, बल्कि अपनी मानसिक शांति, आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य को प्राथमिकता देना है। इसलिए, विवाह का उद्देश्य केवल साथ रहना नहीं, बल्कि सुख, सम्मान और प्रेम के साथ जीवन जीना है। यदि कोई रिश्ता लगातार दुख और तनाव का कारण बन जाए, तो विषैले रिश्ते को निभाने से बेहतर अलग रहना ही उचित है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या NRI Husband के खिलाफ भारत में उंशी किया जा सकता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज के समय में अनेक विवाह ऐसे होते हैं जिनमें पति विदेश (NRI) में रहता है और पत्नी भारत में। वैवाहिक विवाद होने पर अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या NRI Husband के खिलाफ भारत में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उत्तर है—हाँ, परिस्थितियों के अनुसार की जा सकती है। यदि विवाह भारत में हुआ है, पत्नी भारत में रह रही है, या विवाद का कारण भारत से जुड़ा है, तो भारतीय अदालतों को मामले की सुनवाई का अधिकार (jurisdiction) हो सकता है। Maintenance, Divorce, Child Custody, Domestic Violence और अन्य वैवाहिक मामलों में भारत की अदालतों में याचिका दायर की जा सकती है।

यदि पति विदेश में रह रहा है, तो अदालत उसके लिए नोटिस जारी कर सकती है। आजकल कई मामलों में ई-मेल, अंतरराष्ट्रीय डाक और अन्य वैधानिक माध्यमों से भी नोटिस की सेवा की जाती है। हालांकि, NRI मामलों में प्रक्रिया सामान्य मामलों की तुलना में अधिक जटिल हो सकती है, क्योंकि इसमें अलग-अलग देशों के कानून, jurisdiction और आदेशों के क्रियान्वयन (enforcement) के प्रश्न भी शामिल हो सकते हैं।

कई लोग यह मान लेते हैं कि विदेश चले जाने के बाद भारतीय कानून लागू नहीं होंगे, जबकि वास्तविकता में अनेक परिस्थितियों में भारतीय अदालतें अपना अधिकार क्षेत्र बनाए रखती हैं।

निष्कर्ष : NRI Husband के खिलाफ भारत में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, यदि मामले के तथ्य और कानून भारतीय अदालतों को अधिकार प्रदान करते हों। ऐसे मामलों में सही कानूनी सलाह और उचित प्रक्रिया का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

## निरंकारी बाल समागम में बच्चों ने दिया प्रेम, संस्कार और सद्भाव का संदेश

### नशे और सोशल मीडिया से दूर रहने की सीख, डेराबस्सी में आयोजित हुआ विशाल बाल समागम




डेराबस्सी/यूटर्न/21 जून। संत निरंकारी मिशन की ओर से डेराबस्सी स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को संयोजक स्तर के विशाल बाल समागम का आयोजन किया गया। समागम में डेराबस्सी के अलावा जीरकपुर, लालड़ू, दप्पर, मुबारिकपुर, भांखरपुर और समगौली शाखाओं की बाल संगतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने गीत, नाटक, भाषण और कवि दरबार के माध्यम से प्रेम, भाईचारे और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए माता-पिता और बड़ों के सम्मान, अच्छे संस्कारों, सेवा भावना तथा सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही युवाओं और बच्चों को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। समागम की तैयारियां बच्चों द्वारा पिछले कई दिनों से की जा रही थीं। इस अवसर पर चंडीगढ़ जोन के प्रभारी ओ.पी.



निरंकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा से जुड़ने वाले बच्चे समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में बच्चों को प्रेम, मधुर व्यवहार, सेवा, अनुशासन और बड़ों के सम्मान जैसे जीवन मूल्यों की शिक्षा मिल रही है। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि जंक फूड से दूरी, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम आज की आवश्यकता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, इसलिए बच्चों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। समागम के अंत में डेराबस्सी की संयोजक बहन गुरचरण कौर ने सभी बच्चों, अभिभावकों, संगतों और विभिन्न शाखाओं से आए प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा दिए गए प्रेम, सद्भाव और संस्कारों के संदेश को सभी अपने जीवन में अपनाएं।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# पिंजौर अपहरण-लूट मामला: मुठभेड़ में घायल दो आरोपी अस्पताल से छुट्टी मिलते ही गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

पंचकूला/यूटर्न/21 जून। पंचकूला पुलिस ने एचएमटी पिंजौर क्षेत्र में युवक के अपहरण और लूटपाट के मामले को महज 48 घंटे में सुलझाने के बाद जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए दो आरोपियों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, बरवाला चौकी प्रभारी गुरपाल सिंह ने आरोपियों योगेश और दीपेश को कोर्ट में पेश किया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि आरोपी योगेश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दीपेश को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस जांच में यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी के पास हथियार कहां से आया और क्या वह किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी



में था। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।


### यह था मामला

15 जून 2026 को एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एचएमटी पिंजौर क्षेत्र से घर लौटते समय कुछ युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोका। आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसे जबरन कार में बैठा लिया और कई घंटों तक विभिन्न स्थानों पर घुमाते रहे। इस दौरान उससे नकदी, मोबाइल फोन छीन लिया गया तथा ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से भी रकम निकलवाई गई। बाद में आरोपियों ने युवक को बरवाला क्षेत्र में छोड़ दिया और फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में सबसे पहले क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 जून को चरखी दादरी निवासी दो आरोपियों, वीरेन और आशीष, को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आगे की कार्रवाई में दो अन्य आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद काबू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

# योग स्वस्थ और सक्रिय जीवन का आधार: पीजीआई निदेशक डॉ. विवेक लाल

## पीजीआई में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, 3217 लोगों ने किया सामूहिक योग






चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। पीजीआई अस्पताल चंडीगढ़ में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों, फैकल्टी सदस्यों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों सहित कुल 3217 प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। संस्थान के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में पीजीआईएमईआर के निदेशक डॉ विवेक लाल, उपनिदेशक प्रशासन पंकज राज, डीन (अकादमिक) आर.के रथो, डीन (रिसर्च) संजय जैन तथा वर्ल्ड एनसीडी फेडरेशन के अध्यक्ष जेएस ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन कोलैबोरेटिव सेंटर फॉर माइंड बॉडी इंटरवेंशन थ्रू योगा (योग केंद्र), पीजीआईएमईआर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संचालन में योग केंद्र की योग स्पोक ज्योति तिवारी और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। योग केंद्र के प्रभारी प्रोफेसर अक्षय आनंद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि कोशिकीय वृद्धावस्था को धीमा करने, मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि पीजीआई के योग केंद्र में प्रतिदिन 38 योग सत्र आयोजित किए जाते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: जगरांव न्यायिक कोर्ट परिसर में लगा विशेष योग शिविर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/21/जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगरांव न्यायिक कोर्ट (Judicial Court) परिसर में स्वास्थ्य और मानसिक शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष योग शिविर का शानदार आयोजन किया गया।

इस शिविर में न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और कोर्ट स्टाफ ने अपनी व्यस्त दिनचर्या से






समय निकालकर पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

**दिव्या योगशाला की टीम ने सिखाए योग के गुर:** इस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को योगाभ्यास करवाने की जिम्मेदारी 'दिव्या योगशाला, जगरांव' की टीम ने बखूबी निभाई। योग शिविर का कुशल नेतृत्व दिव्या योगशाला के मुख्य संयोजक श्री शशि भूषण जैन द्वारा किया गया।

# पंचकूला में 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी मामा 24 घंटे में गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पंचकूला /यूटर्न/21 जून। पंचकूला पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मामा को शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, करीब 2 से 3 महीने पहले 13 वर्षीय पीड़िता अपनी माँ के साथ पंचकूला स्थित अपने ननिहाल आई हुई थी। इसी दौरान उसके सगे मामा ने उसके साथ गलत काम किया। लोकलाज और डर के कारण पीड़िता ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया। यह मामला तब सामने आया जब हाल ही में पीड़िता के पेट में तेज दर्द हुआ। अस्पताल में इलाज के दौरान जब उसकी मेडिकल जांच की गई, तो उसके गर्भवती होने का खुलासा हुआ।



**डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता:** पीड़िता की शिकायत पर 19 जून को पोक्सो एक्ट की धारा 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(I) के तहत मामला दर्ज किया। हमारी टीम ने तत्परता दिखाई और आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल लीगल एड काउंसलर द्वारा पीड़िता की काउंसलिंग करवाई जा रही है।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने आम जनता और विशेषकर अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक किसी पर भी, चाहे वह कितना ही करीबी रिश्तेदार या परिचित क्यों न हो, आँख मूंदकर विश्वास न करें। अपने बच्चों के साथ लगातार संवाद बढ़ाएं और उनके व्यवहार में आने वाले किसी भी छोटे या संदिग्ध बदलाव पर नजर रखें। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अनहोनी या संदिग्ध परिस्थिति में बिना डरे तुरंत पुलिस से संपर्क करें। पुलिस अदालत में इस मामले की सख्त पैरवी सुनिश्चित करेगी ताकि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले, जो भविष्य में ऐसे अपराधियों के लिए कड़ा सबक बन सके।

# मलोया थाना पुलिस को बड़ी सफलता, 14.08 ग्राम हेरोइन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। चंडीगढ़ मलोया थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14.08 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई महिला एसएसपी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निदेशों पर की गई। पुलिस के अनुसार सिटी एसपी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर बलदेव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। मामले में थाना मलोया में एफआईआर नंबर 84 दिनांक 20 जून 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।




पुलिस जांच के अनुसार 19 जून की रात करीब 9:25 बजे एसआई पंजाब सिंह अपनी टीम के साथ सेक्टर-39 वेस्ट स्थित वाटर वर्क्स कॉलोनी के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई। उनकी पहचान हरजीत सिंह सिंधू पुत्र झंडा सिंह और कृष्ण सिंह पुत्र काला सिंह, दोनों निवासी गांव नंगल कलां, जिला मानसा (पंजाब) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान हरजीत सिंह के कब्जे से 6.03 ग्राम हेरोइन (पॉलीथीन सहित 6.55 ग्राम) तथा कृष्ण सिंह के कब्जे से 6.98 ग्राम हेरोइन (पॉलीथीन सहित 7.53 ग्राम) बरामद हुई। दोनों आरोपियों के पास नशीले पदार्थ रखने का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। कुल 14.08 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी हरजीत सिंह को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी कृष्ण सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# योग से स्वस्थ शरीर और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव : गणेश झा



चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वार्ड नंबर-20 स्थित हल्लो माजरा में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) चंडीगढ़ के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गणेश झा ने क्षेत्रवासियों, स्वयंसेवकों और युवाओं के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर गणेश झा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मन को भी एकाग्र और सकारात्मक बनाता है।

# पतंजलि योग परिवार ने 500 साधकों के साथ मनाया योग दिवस



डेराबस्सी/यूटर्न/21 जून। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग परिवार डेराबस्सी की ओर से शुक्रवार को एटीएस वैली पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर व आसपास के क्षेत्रों से 500 से अधिक योग साधकों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध उद्योगपति विजय कालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक एमएस रंधावा, पूर्व विधायक एनके शर्मा, भाजपा नेता गुरचरण सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष पवन धीमान सहित नगर के कई पार्षद और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पतंजलि भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी नवीन ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और संस्था की ओर से पुस्तक भेंट की।

# पंजाब की राजनीति में हलचल शुरू हो गई है

नितिन नवीन के बीजेपी अध्यक्ष बनने और उनके पंजाब दौरे के साथ ही, पंजाब की चुनावी लड़ाई भले ही अभी कुछ महीने दूर हो, लेकिन उससे पहले ही राजनीतिक समीकरण बदलने के संकेत दिखने लगे हैं। सभी पार्टियों में यह महसूस किया जा रहा है कि अगला विधानसभा चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा को आने वाले कई सालों के लिए बदल सकता है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) इस दौर में सत्ता में होने के फायदे और एक अनुशासित संगठनात्मक ढांचे के साथ आगे बढ़ रही है। 2022 में सत्ता में आने के बाद से, पार्टी ने कल्याणकारी योजनाओं, नशा-विरोधी कदमों और साफ-सुथरे प्रशासन के नैरेटिव के दम पर खुद को गवर्नेंस पर ध्यान देने वाले विकल्प के तौर पर पेश करने की कोशिश की है। फिर भी, हर सत्ताधारी सरकार की तरह, जनता का भरोसा बनाए रखना एक चुनौती है। गवर्नेंस से जुड़ी थकान, स्थानीय असंतोष और पूरी न हो पाई उम्मीदें पंजाब में चुनावी समीकरणों को तेजी से बदल सकती हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

कांग्रेस के लिए चुनौती कहीं ज्यादा बड़ी है। अच्छी-खासी राजनीतिक मौजूदगी और अनुभवी नेताओं का नेटवर्क होने के बावजूद, पार्टी अंदरूनी गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर अनिश्चितता से जूझ रही है। इतिहास गवाह है कि पंजाब में उन पार्टियों को कामयाबी मिली है जिन्होंने एकजुट होकर चुनाव लड़ा है। जब तक कांग्रेस गुटीय झगड़ों को सुलझाकर और सिर्फ सरकार का विरोध करने से आगे बढ़कर कोई ठोस विजन पेश नहीं करती, तब तक उसे उस 'एंटी-इनकंबेंसी' (सत्ता-विरोधी लहर) का फायदा नहीं मिल पाएगा जो स्वाभाविक रूप से किसी भी सत्ताधारी सरकार के खिलाफ बनती है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल अभी भी खुद को फिर से खड़ा करने के लंबे दौर से गुजर रहा है। कभी राज्य की सबसे ताकतवर राजनीतिक पार्टी रही यह पार्टी लगातार चुनावी हार के बाद वापसी का कोई भरोसेमंद रास्ता तलाश रही है। नेतृत्व, संगठन में नए बदलाव और युवा वोटरों से दोबारा जुड़ने जैसे सवाल उसकी संभावनाओं पर भारी पड़ रहे हैं। पार्टी अपनी पुरानी विरासत का ज़िक्र करने के बजाय खुद को नए सिरे से ढालने में कितनी कामयाब होती है, इसी से तय होगा कि वह अपनी अहमियत वापस पा सकती है या नहीं।

बीजेपी भी, नितिन नवीन के रूप में नए संगठनात्मक प्रमुख के साथ, पंजाब में एक नया राजनीतिक प्रयोग कर रही है। सोशल इंजीनियरिंग, संगठन के विस्तार और अपने पारंपरिक शहरी वोट बैंक से आगे बढ़कर अलग-अलग समुदायों तक पहुँचने पर जोर देकर, पार्टी यह संकेत दे रही है कि वह एक मामूली खिलाड़ी के बजाय एक मजबूत दावेदार बनना चाहती है। हालांकि, ये कोशिशें चुनावी जीत में बदलेंगी या नहीं, यह उस राज्य में अनिश्चित है जहाँ क्षेत्रीय पहचान और स्थानीय मुद्दे अक्सर राष्ट्रीय मुद्दों पर भारी पड़ते हैं। यह बात साफ होती जा रही है कि पंजाब की राजनीति अब बदलाव और अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रही है। पारंपरिक वफादारी कमजोर हो रही है, वोटर ज्यादा व्यावहारिक हो रहे हैं, और चुनावी फैसलों पर बड़ी-बड़ी बातों के बजाय काम का असर ज्यादा दिखेगा। वोटरों ने बार-बार दिखाया है कि नाराज होने पर वे स्थापित राजनीतिक दलों को भी नकारने को तैयार रहते हैं। इसलिए, सभी पार्टियों के लिए संदेश साफ है: सिर्फ दिखावे के बजाय संगठन की मजबूती, आपसी तालमेल और भरोसेमंद कामकाज ज्यादा मायने रखेंगे। चुनाव जब भी हों, उनके नतीजे सिर्फ नारों से तय नहीं होंगे। जीत उस पार्टी की होगी जो पंजाब के लोगों को यह भरोसा दिला पाएगी कि उसके पास राज्य की गंभीर चुनौतियों—जैसे बेरोजगारी, खेती-किसानी की मुश्किलों, नशे की समस्या और आर्थिक तंगी—से निपटने का नजरिया और क्षमता, दोनों हैं। पंजाब की राजनीति में हलचल शुरू हो चुकी है। जो पार्टियाँ वोटरों के बदलते मिजाज को सबसे पहले समझेंगी, वे ही आखिरी मुकाबले के समय सबसे मजबूत स्थिति में होंगी।

# पतंजलि योग परिवार ने 500 साधकों के साथ मनाया योग दिवस

## डेराबस्सी को 'योग-युक्त नगर' बनाने का संकल्प, ATS वैली स्कूल में गूंजा योग, स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश



डेराबस्सी/यूटर्न/21 जून। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग परिवार डेराबस्सी की ओर से शुक्रवार को एटीएस वैली पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर व आसपास के क्षेत्रों से 500 से अधिक योग साधकों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध उद्योगपति विजय कालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक एमएस रंधावा, पूर्व विधायक एनके शर्मा, भाजपा नेता गुरचरण सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष पवन धीमान सहित नगर के कई पार्षद और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पतंजलि भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी नवीन ने अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और संस्था की ओर से पुस्तक भेंट की। पतंजलि के योग शिक्षकों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत साधकों को विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान करवाया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साह से भाग लिया। विधायक एमएस रंधावा ने लोगों से योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। पूर्व विधायक एनके शर्मा ने कहा कि पतंजलि की योग मुहिम सराहनीय है और वे पिछले 12 वर्षों से योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होते आ रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संत निरंकारी सत्संग भवन, जीरकपुर में योग शिविर आयोजित



जीरकपुर/यूटर्न/21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मंडल के निर्देशानुसार संत निरंकारी सत्संग भवन, जीरकपुर में प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय ब्रांच मुखी श्री सुरिंदर कुमार जी की देखरेख में सेवादल तथा साध-संगत के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय योग प्रशिक्षक श्री हरिपाल सिंह जी ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा संतुलित आहार-विहार के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि हमारी इन्द्रियों द्वारा ग्रहण की जाने वाली प्रत्येक बात का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर पड़ता है।

# डेराबस्सी कोर्ट परिसर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



डेराबस्सी/यूटर्न/21 जून। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहाली के निर्देशानुसार डेराबस्सी कोर्ट परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नवरीत कौर और जज नंदिता की उपस्थिति में अधिवक्ताओं तथा न्यायिक स्टाफ ने योगाभ्यास किया। योग सत्र का संचालन अधिवक्ता पवन गर्ग ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया और नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक है।

यूटर्न टाइम

# चिल्ड्रन पार्क बारादरी गार्डन में योग दिवस समागम आयोजित






पटियाला/यूटर्न/21 जून। विश्व योग दिवस के अवसर पर चिल्ड्रन पार्क, बारादरी गार्डन में जनहित समिति पंजीकृत पटियाला और परमार्थ लोक कल्याण संस्था की ओर से योग दिवस समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लेकर सामूहिक योग साधना की और निरोगी जीवन का संकल्प लिया। समागम का आयोजन जनहित समिति के प्रधान एस.के. गौतम, जनरल सेक्रेटरी स्टेट अवॉर्डी विनोद कुमार शर्मा, संस्थापक सदस्य अनिल कुमार भारती और परमार्थ लोक कल्याण संस्था के संयोजक दीना नाथ राजोलिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर योगाचार्य कमल कौशिश और अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षु गीतांशी कौशिश ने लोगों को विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

योगाचार्य कमल कौशिश ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित रखने की जीवन पद्धति है।

उन्होंने लोगों से योग को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगतार सिंह जग्गी, सोनिया कौशिश, भूपिंदर सिंह, चमन लाल गर्ग, डीपी सिंह, गगनदीप सिंह, वंश, अंग्रेज सिंह और संदीप शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया। अंत में सभी ने प्रतिदिन योग करने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# ओमेक्स हैप्पीनेस क्लब ने योग दिवस पर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश





लुधियाना/यूटर्न/21 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ओमेक्स हैप्पीनेस क्लब की ओर से विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के इस सक्रिय सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व योग गुरु संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम में क्लब के करीब 75 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। क्लब में रोजाना योग किया जाता है, लेकिन योग दिवस के अवसर पर आयोजित सत्र का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को योग अपनाने के लिए प्रेरित करना था। क्लब अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे और पोते-पोतियां अपने बुजुर्गों को योग करते देखते हैं, तो वे भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

# ICAI की लुधियाना ब्रांच ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



लुधियाना/यूटर्न/21 जून। लुधियाना ब्रांच ऑफ NIRC ऑफ ICAI द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थी और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल रहे। योग सत्र विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र कल्याण के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर लुधियाना ब्रांच ऑफ NIRC ऑफ ICAI के चेयरमैन सीए विकास गोयल ने कहा कि योग पेशेवर जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जी सकें।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर बीबीएमबी द्वारा सामूहिक योग सत्र का भव्य आयोजन



दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/21 जून। भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा मुख्य अभियंता श्री राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीबीएमबी सामुदायिक हॉल में सामूहिक योग सत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्थानीय योग प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बीबीएमबी के चेयरमैन इंजीनियर मनोज त्रिपाठी तथा भारत सरकार के विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में कर्मचारियों के कल्याण और योग के प्रसार हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता विनय कुमार, अरविंदरपाल सिंह ऊभी, हरदयाल सिंह, गौरव लांबा, एसडीओ गोपाल सिंह एवं राजीव कुमार, जूनियर इंजीनियर गुलशन कुमार, जतिन शर्मा तथा नगिंदर यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय योग संस्थान ने रोज गार्डन में मनाया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



लुधियाना/यूटर्न/21 जून। भारतीय योग संस्थान की ओर से रोज गार्डन में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम पंजाब प्रांत के प्रधान कुंदन विरमानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें 1000 से अधिक साधकों ने योगाभ्यास और प्राणायाम का लाभ उठाया। समारोह का शुभारंभ भारतीय योग संस्थान पंजाब प्रांत के प्रधान कुंदन विरमानी तथा प्रांतीय और जिला अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' रखा गया। कुंदन विरमानी ने कहा कि आज के समय में बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ने से उनमें चिड़चिड़ापन और आंखों से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं।

# जिला स्तरीय योग दिवस समागम-अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड में 1500 से अधिक लोगों ने किया योग



दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/21 जून। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस लाइन ग्राउंड, होशियारपुर में जिला स्तरीय योग दिवस समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जो आज शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जीवनशैली और बढ़ते तनाव के दौर में योग एक अचूक उपाय है, जो व्यक्ति को स्वस्थ रखने के साथ-साथ नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखता है।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पंजाब सरकार ₹सी.एम. दी योगशाला₹ के माध्यम से पूरे प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य के प्रमुख शहरों से लेकर ब्लॉक स्तर तक योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जहां हजारों लोग नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने इसे पंजाब को फिट एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए युवाओं से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# EOI और प्री-लॉन्च प्रोजेक्टों की फोरेंसिक जांच की मांग, खरीदारों ने उठाई सख्त कार्रवाई की आवाज

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। घर खरीदारों और नागरिक संगठनों ने रियल एस्टेट सेक्टर में एडकऔर प्री-लॉन्च प्रोजेक्टों के नाम पर हो रही कथित अनियमितताओं को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग तेज कर दी है।

संगठनों का कहना है कि कई प्रोजेक्टों में खरीदारों से शुरूआती बुकिंग और निवेश के नाम पर बड़ी रकम ली जाती है, लेकिन बाद में प्रोजेक्ट की मंजूरियों, लाइसेंस और डिलीवरी को लेकर स्थिति साफ नहीं होती।




खरीदारों ने मांग की है कि सभी एडकऔर प्री-लॉन्च प्रोजेक्टों की फोरेंसिक जांच करवाई जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन प्रोजेक्टों में नियमों का पालन हुआ और कहां खरीदारों को गुमराह किया गया। नागरिक संगठनों ने कहा कि जिम्मेदार डिवेलपरों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही प्रोजेक्ट की मंजूरियों, विज्ञापनों और बुकिंग प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अनिवार्य बनाने की मांग की गई है। संगठनों ने कहा कि खरीदारों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रखने के लिए सरकार को मजबूत नीति लागू करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी डिवेलपर बिना मंजूरी लोगों से पैसे न वसूल सके।

# खालसा परिवार ने सदस्य हरदेव सिंह बॉबी को सम्मानजनक पद मिलने पर सम्मानित किया

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/21/जून। 'खालसा परिवार' की मासिक बैठक के दौरान आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संगठन के सम्मानित और वरिष्ठ सदस्य सरदार हरदेव सिंह बॉबी को शिरोमणि अकाली दल व्यापार मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें सिरोपा भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



# विश्व योग दिवस पर सेक्टर-37 में भाजपा महिला मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। विश्व योग दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-37 स्थित महाजन भवन में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सोनम वर्मा ने की, जबकि आयोजन महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव कशिश महाजन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। भाजपा नेताओं के अनुसार कार्यक्रम के दौरान 500 से

## सैकड़ों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन



अधिक महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही श्री श्याम प्रचार सेवा मंडल के प्रधान ललित गोयल भी अपने सहयोगियों के साथ भाजपा में शामिल हुए। उन्हें भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा और प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा के हिमाचल प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला मोर्चा की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि महिलाओं को राजनीति और नेतृत्व में आगे लाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को चंडीगढ़ की महिलाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

# पेपर लीक और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों, भर्ती घोटालों और शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने व्यापक जनजागरण अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज जिला कांग्रेस कमेटी मनीमाजरा द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेशानुसार मनीमाजरा के गोबिंदपुरा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा चंडीगढ़ ने सभी 35 मंडलों में किया भव्य आयोजन



चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा शहर के सभी 35 मंडलों में योग दिवस के कार्यक्रम बड़े उत्साह, हर्ष एवं उल्लास के साथ आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा पार्टी कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा कार्यकताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं सशक्त भारत के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया तथा सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ज्ञान परंपरा और जीवन दर्शन का अमूल्य उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है और आज करोड़ों लोग स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपना रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। योग व्यक्ति को स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से योग को अपनाकर स्वस्थ समाज और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने समाज में स्वास्थ्य, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा ?एक स्वस्थ नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है के संकल्प को और अधिक मजबूत किया। योग अपनाएं, निरोग रहें और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# जीरकपुर के नगर कौंसिल की प्रधान की पर मर्डर आ रहा खतरा



जीरकपुर/यूटर्न/21 जून। नगर परिषद चुनाव के बाद अब वार्ड नंबर 2 और 26 को लेकर विवाद गहरा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता एवं मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड पंजाब के उपाध्यक्ष मदन शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए दोनों वार्डो में पुनर्मतदान की मांग की है। जीरकपुर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ मौजूद स्वतंत्र उम्मीदवार राज कुमार सरसवाल ने दावा किया कि उन्होंने वार्ड नंबर 26 से नामांकन भरा था, लेकिन चुनाव अधिकारियों ने उन्हें वार्ड नंबर 2 से उम्मीदवार दिखाकर चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया। उनका कहना है कि वार्ड नंबर 2 महिलाओं के लिए आरक्षित था, ऐसे में पुरुष उम्मीदवार को वहां से चुनाव लड़ाने की प्रक्रिया अपने आप में जांच का विषय है।

# एटीएस प्रोजेक्ट पर सरकारी रास्ता बंद करने के आरोप, जमीन मालिकों ने एसडीएम से लगाई गुहार

डेराबस्सी/यूटर्न/21 जून। डेराबस्सी क्षेत्र के गांव माधोपुर में स्थित एटीएस प्रोजेक्ट एक बार फिर विवादों में घिर गया है। क्षेत्र के कई जमीन मालिकों ने प्रोजेक्ट प्रबंधन पर साझा सरकारी रास्ता बंद करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम डेराबस्सी को शिकायत सौंपकर रास्ता बहाल कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता सिमरनजीत सिंह और तसतिंदर गर्ग ने एसडीएम को दी शिकायत में बताया कि गांव माधोपुर के खसरा नंबर-



68 में स्थित साझा सरकारी रास्ते पर दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। उनका आरोप है कि यह रास्ता लंबे समय से किसानों और स्थानीय



लोगों द्वारा उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन अब इसे बंद कर दिए जाने से लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार रास्ता बंद होने से उन्हें अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मामले को लेकर पहले भी संबंधित पक्ष से संपर्क किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलने पर प्रशासन की शरण लेनी पड़ी। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सरकारी रास्ते को तुरंत बहाल कराने की मांग की है। वहीं, एटीएस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप सिंह ने कहा कि संबंधित दीवारें करीब 15 वर्षों से मौजूद हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन या एसडीएम रास्ता खोलने के लिए दीवारें हटाने के निर्देश देता है तो कंपनी को कोई आपत्ति नहीं होगी और वह प्रशासन के निर्णय का पूरा सम्मान करेगी। एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अकाली दल वारिस पंजाब दे ने जीरकपुर-डेराबस्सी जोन की कमेटियां बनाईं

## नाभा साहिब में संगठनात्मक बैठक, बड़े सम्मेलन की तैयारी शुरू

जीरकपुर/यूटर्न/21 जून। गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब जी में अकाली दल वारिस पंजाब दे की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जीरकपुर और डेराबस्सी जोन की विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हर जोन में जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। आने वाले समय में सभी जोनों का बड़ा सम्मेलन कराया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इस मौके पर अकाली दल वारिस पंजाब दे के वरिष्ठ नेता जसनदीप सिंह संधू और जिला प्रधान जगदीप सिंह हंसाला की ओर से हलका डेराबस्सी के गांव पंडवाला और कुड़ावाला में



गुरुद्वारा साहिब की बन रही नई इमारतों के लिए सेवा के रूप में संबंधित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों को 31-31 हजार रुपये की राशि भेंट की गई। नेताओं ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक और लोक कल्याण के कार्यों में सेवा करना हर व्यक्ति का फर्ज है। पार्टी भविष्य में भी ऐसे कार्यों में योगदान देती रहेगी। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं और कमेटी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

# रघुनाथ अस्पताल के प्रबंधको के खिलाफ अगर नगर वासियों का रोष प्रदर्शन

## अवैध निर्माण की शिकायत करने वालों पर एफआईआर, भड़का विरोध

लुधियाना। अग्रनगर में रघुनाथ अस्पताल से जुड़े कथित अवैध निर्माण और अनियमितताओं की शिकायत करने वाले तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला गर्मा गया है। रविवार को अग्रनगर के रामलीला पार्क में 150 से अधिक स्थानीय निवासी एकत्र हुए और पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। लोगों ने आरोप लगाया कि जनहित में आवाज उठाने वालों को झूठे केसों में फंसाकर दबाने की कोशिश की जा रही है।

अग्रनगर निवासी विनय गुप्ता, नवीन गुप्ता और अरविंद गोयल ने आरोप लगाया कि रघुनाथ अस्पताल के प्रबंधन से जुड़े अरुण गोयल और रजनीश जैन बाटा की ओर से उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उनका कहना है कि उन्होंने अस्पताल के कथित अवैध निर्माण, बिना स्वीकृत नक्शे,



बिजली कनेक्शन और अन्य अनियमितताओं को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा विभिन्न सरकारी विभागों में शिकायतें की थीं। इसी कारण उन पर शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि यदि किसी निर्माण को लेकर एनजीटी और सरकारी विभागों में शिकायत की गई है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, न कि शिकायतकर्ताओं पर ही कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों का आरोप है कि एनजीटी के स्टे आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा, जिसके फोटो और वीडियो संबंधित विभागों को भेजे गए थे। इसके बाद शिकायतकर्ताओं को परेशान करने का सिलसिला शुरू हुआ।

विनय गुप्ता, नवीन गुप्ता और अरविंद गोयल का आरोप है कि 18 अप्रैल को उन्हें बाउंसरों की ओर से रोका गया और 19 अप्रैल को मोबाइल छीनकर धक्का-मुक्की की गई। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी थी, लेकिन बाद में उनकी शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय अस्पताल प्रबंधन की शिकायत को आगे बढ़ाया गया। उनका दावा है कि शुरूआती शिकायत में केवल वीडियो बनाने का आरोप था, लेकिन बाद में राजनीतिक प्रभाव के चलते हथियार लेकर आने, झगड़ा करने और हॉस्टल में घुसने जैसे गंभीर आरोप जोड़ दिए गए।

रामलीला पार्क में जुटे अग्रनगर निवासियों ने पुलिस कमिश्नर, लुधियाना को ज्ञापन भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जिन तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है, वे लंबे समय से क्षेत्र के जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। लोगों ने कहा कि अवैध निर्माण और नियमों की अनदेखी जैसे मामलों में आवाज उठाना अपराध नहीं है।

# फ्लोरल ड्रेस में निधि अग्रवाल का ग्लैमरस अंदाज



अभिनेत्री निधि अग्रवाल एक बार फिर अपने स्टाइलिश और खूबसूरत लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई उनकी नई तस्वीरों में निधि बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आ रही हैं। क्रीम कलर की फ्लोरल शॉर्ट ड्रेस में उनका सिंपल लेकिन ग्लैमरस लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है। खुले बाल, हल्का मेकअप और स्टाइलिश एक्सेसरीज ने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। तस्वीरों में निधि का कॉन्फिडेंट पोज और नेचुरल एक्सप्रेशन उनकी खूबसूरती को और निखार रहा है। कई यूजर्स सोशल मीडिया फैंस ने उन्हें 'गॉर्जियस', 'ब्यूटीफुल' और 'स्टनिंग' बताया है। निधि अक्सर अपने फैशन सेंस और ग्लैमरस फोटोशूट्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं।

# पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता: मनीष सिसोदिया

## सरहिंद में आप वालंटियरों की बैठक, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संदेश

फतेहगढ़ साहिब/यूटर्न/21 जून। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने शनिवार को सरहिंद में पार्टी वालंटियरों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्हें चुनावी तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। सिसोदिया ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में जनता के हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है



कि वे सरकार के कामों को घर-घर तक पहुंचाएं।

बैठक के दौरान सिसोदिया ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल नेताओं से नहीं, बल्कि जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीते जाते हैं। इसलिए हर वालंटियर को अभी से अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर लोगों से संवाद बढ़ाना होगा। सियासी हलकों में पंजाब विधानसभा चुनाव समय से पहले करवाए जाने की चर्चाओं के बीच आम आदमी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सिसोदिया की यह बैठक इसी चुनावी रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

# अमेरिका में दिलजीत दोसांझ का जादू, इस गायक के नाम पर होगी सार्वजनिक छुट्टी

## अमेरिका के शहर लॉस एंजेलिस ने दिलजीत दोसांझ के सम्मान में किया बड़ा ऐलान

नवीन गोगना

वाशिंगटन/यूटर्न/21 जून। अमेरिका में पंजाबी गायक और अभिनेता **Diljit Dosanjh** का जादू लगातार सिर चढ़कर बोल रहा है। कैलिफोर्निया के शहर **Los Angeles** में 6 जनवरी 2027 को 'दिलजीत दोसांझ दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। 20 जून को हुए एक विशेष कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया गया।



पंजाबी सिनेमा के 'सूरमा' कहे जाने वाले दिलजीत दोसांझ ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी प्रतिभा की देश-विदेश में भरपूर सराहना हुई है और उनकी लोकप्रियता अब सभी सीमाएं पार कर चुकी है। उनके गीत कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया के कई देशों में बेहद पसंद किए जाते हैं, जिसके चलते उनके प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

दिलजीत ने अपनी कला के माध्यम से पंजाबी संस्कृति और विरासत को विश्वभर में नई पहचान दिलाई है। उनकी इसी उपलब्धि को सम्मान देते हुए हॉलीवुड के गढ़ माने जाने वाले अमेरिकी शहर लॉस एंजेलिस में उनके सम्मान में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की घोषणा की गई। यह घोषणा लॉस एंजेलिस की काउंसिलवुमन **Monica Rodriguez** द्वारा उनके वर्ल्ड टूर के लॉस एंजेलिस पड़ाव के दौरान की गई।

6 जनवरी 1984 को जन्मे दिलजीत दोसांझ के जन्मदिन को ध्यान में रखते हुए 'दिलजीत दोसांझ दिवस' घोषित किया गया है। साथ ही, लॉस एंजेलिस सिटी काउंसिल ने 6 जनवरी 2027 को आधिकारिक रूप से 'दिलजीत दोसांझ दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है।

यह सम्मान न केवल दिलजीत दोसांझ की व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पंजाबी भाषा, संगीत और संस्कृति की बढ़ती पहचान का भी प्रमाण माना जा रहा है।

# पंजाब राजनीति में एआई का बड़ा खेल, फर्जी पत्र ने बढ़ाई चिंता

## रंधावा-चन्नी को कांग्रेस प्रधान बताने वाला AI पत्र वायरल, नेताओं को आने लगे बधाई फोन

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। पंजाब की राजनीति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का बड़ा खेल सामने आया है। रविवार शाम सोशल मीडिया पर एक कथित पत्र तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब कांग्रेस का नया प्रधान बनाए जाने की बात कही गई थी। इसी पत्र में मौजूदा पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की सेवाओं और योगदान के लिए आभार जताने जैसी भाषा का भी




इस्तेमाल किया गया था।

पत्र वायरल होते ही राजनीतिक




गलियारों में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि सुखजिंदर सिंह रंधावा और चरणजीत सिंह चन्नी को समर्थकों और परिचितों की ओर से फोन पर बधाइयां मिलनी शुरू हो गईं। हालांकि कुछ ही समय बाद इस पत्र की असलियत सामने आ गई और पता चला कि यह एआई की मदद से तैयार की गई फर्जी सामग्री थी। राजनीतिक जानकारों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि यह मामला केवल एक फर्जी पत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पंजाब की राजनीति के लिए अलार्मिंग संकेत है। उनका मानना है कि आगामी चुनावों में मतदाताओं और आम जनता को भ्रमित करने के लिए ऐसे नकली पत्र, फर्जी वीडियो, ऑडियो क्लिप और बयान सोशल मीडिया पर वायरल किए जा सकते हैं।

# योग भारत की विश्व को सबसे बड़ी देन : संजीव खन्ना

## योग प्रशिक्षिका उषा बेरवाल ने निभाई मुख्य भूमिका, 60 सदस्यों को कराया योगाभ्यास



जीरकपुर/यूटर्न/21 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोल्डन सैंड सोसाइटी और मुबारकपुर स्थित सूर्या महल पैलेस में पतंजलि योग पीठ की ओर से 'स्वस्थ उम्र के लिए योग' थीम पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सचिव एवं डेराबस्सी के वरिष्ठ नेता संजीव खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में संजीव खन्ना ने कहा कि योग भारत की वह अमूल्य विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा को सशक्त बनाने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योग तनाव से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ सकारात्मक सोच विकसित करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका उषा बेरवाल की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने लगभग 60 सदस्यों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। उषा बेरवाल ने प्रतिभागियों को योग करने की सही विधि और इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी। उनके मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। संजीव खन्ना ने भी सोसाइटी के निवासियों के साथ योगासन और प्राणायाम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी, जिसके बाद योग एक वैश्विक जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सोसाइटी निवासी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मौलीजागरां में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 39 बोतल-निप बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जून। मौलीजागरां थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी यूटी चंडीगढ़ सुमेर प्रताप सिंह, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका और एसडीपीओ नॉर्थ-ईस्ट राम गोपाल के निर्देशों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली। थाना मौलीजागरां के इंस्पेक्टर जस्करण सिंह की निगरानी में एएसआई रमेश कुमार और उनकी टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। 20 जून की रात करीब 10:40 बजे पुलिस टीम जब रायपुर खुर्द स्थित ट्रिब्यून कॉलोनी के पीछे पहुंची तो एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके पास से 30 निप (180 एमएल) रॉयल जनरल व्हिस्की, 6 बोतल (750 एमएल) इम्पीरियल ब्लू, 1 बोतल (750 एमएल) रॉयल स्टैग और 2 बोतल (750 एमएल) आइकोनिक व्हाइट शराब बरामद हुई। आरोपी के पास शराब रखने अथवा बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372